# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की चतृर्थ बैठक की कार्यवृत

## रविवार, २१ जुलाई २०२४, समयः ११.०० बजे

### हरियाणा भवन, फर्स्ट मेन रोड, हारालुर, बेंगलुरू, कर्नाटक

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की चतुर्थ बैठक रविवार, २१ जुलाई २०२४, को हरियाणा भवन, फर्स्ट मेन रोड, हारालुर, बेंगलुरू, कनार्टक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**बैठक में निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रहीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री संतोष सराफ | श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री मधुसूदन सिकरीया |
| डॉ. सुभाष अग्रवाल | श्री कैलाशपति तोदी | श्री पवन जालान | श्री संजय गोयनका |
| श्री केदारनाथ गुप्ता | श्री पवन कुमार गोयनका | श्री सीताराम अग्रवाल | श्री शिव कुमार टेकड़ीवाल |
| श्री कैलाश चंद काबरा | श्री विनोद कुमार लोहिया | श्री युगल किशोर अग्रवाल | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल |
| श्री बालकिशन लोया | श्री चांदमल अग्रवाल | श्री दिनेश कुमार अग्रवाल | श्री निकेश गुप्ता |
| श्री सुदेश करवा | श्री रमेश कमार बंग | श्री नंदकिशोर अग्रवाल | श्री मुरारीलाल सोंथलिया |
| श्री विश्वनाथ भुवालका | श्री निर्मल कुमार काबरा | श्री सुरेश कुमार कमानी | श्रीमती सुषमा अग्रवाल |
| श्री रमेश चंद्र गो. बंग | | | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री नंद लाल रूँगटा | श्री भानीराम सुरेका | श्री विवेक गुप्ता |
| डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया | श्री संजय हरलालका | श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला | श्री बिनोद तोदी |
| श्री रंजीत कुमार जालान | श्री महेश जालान | श्री नरेंद्र कुमार तुलस्यान | श्री प्रदीप जिवराजका |
| श्री राजेंद्र खंडेलवाल | श्री रामप्रकाश भंडारी | श्री रघुनाथ प्रसाद झुनझुनवाला | श्री अनिल कुमार जाजोदिया |
| श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल | श्री मनोज जैन | श्री पवन कुमार बंसल | श्री राज कुमार केडिया |
| श्री श्रीगोपाल तुलस्यान | श्री रविशंकर शर्मा | श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री राज कुमार मिश्रा |
| श्री अरूण अग्रवाल | श्री बिनय सरावगी | | |

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दीप प्रज्वलन एवं ओंकार की तीन बार ध्वनि के साथ प्रारंभ हुई।

**कार्यसुची १: अध्यक्षीय उद्गार।**

सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन किया। उन्होंने कर्नाटक प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष, पदाधिकारी, एवं सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया कि सुंदर व्यवस्था के साथ वे आयोजन को अंजाम दे रहे है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एव प्रांतीय पदाधिकारियों का सहयोग उन्हें मिल रहा है एवं उसके प्रति उन्होंने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं उत्कल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष इस सभा में उपस्थित हैं, मैं उनका विशेष रूप से स्वागत करता हूँ।

श्री लोहिया ने बताया कि दिनांकः २४ जुलाई २०२४ को बैंगलुरु में आयोजित संविधान संशोधन के विषय में बैठक आहूत की गई। बैठक में विस्तार से चर्चा के उपरांत एक आम सहमति बनी हैं, जिसे आगामी अखिल भारतीय समिति की बैठक में आगामी कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। गत दिन की बैठक में सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अधिकारियों का आभार प्रकट किया। विशेषकर संविधान संशोधन उपसमिति के चेयरमैन, संयोजक एवं सभी सदस्यों के अथक प्रयास का भी उन्होंने उल्लेख किया।

उन्होंने सम्मेलन की गतिविधियों के बारें में बोलते हुए बताया कि मतदान एवं राजनीतिक चेतना पर इस बार लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में एक विस्तृत अभियान चलाया गया जिसका विस्तृत रपट जून महीने के समाज विकास में दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग ४० छोटे- बड़े शहरों के सदस्यों ने इस अभियान में भाग लिया, जो कि अभूतपूर्व हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल, सिक्किम एवं बिहार राज्य के दौरे पर अपने अनुभव सबके साथ साझा किया एवं बताया कि समाज के नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद श्री राजेश वर्मा का भागलपुर में स्वागत किया गया।

स्वास्थ्य संबंधी पहल के तहत मणिपाल हॉस्पिटल से एक अनुबंध करके मारवाड़ी समाज के सभी समाज बंधुओं एवं सम्मेलन के सदस्यों को मणिपाल हॉस्पिटल देश के विभिन्न भागों में स्थित अस्पतालों में सुविधा देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने आगे बताया कि नए-नए लोग जुड़ रहे है, नई-नई पहल हो रही है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारीयों के साथ बैठक की उन्होंने विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। भवन निर्माण से संबंधित कार्य आगे बढ़ रहे है। शाखाओं के विस्तार में गति लाने की आवश्यकता है। समाज विकास अपने नए कलेवर में आ रही है। उन्होंने सभी प्रांतीय अध्यक्षों से अनुरोध किया कि जिन-जिन प्रांतो में राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा बाकी है वहाँ पर जल्द से जल्द करवाने की व्यवस्था करें। उन्होंने सभी प्रांतो से अनुरोध किया कि राष्ट्रीय

कार्यालय के साथ समन्वय रखते हुए निरंतर संवाद कायम रखना जरूरी है ताकि सम्मेलन की गतिविधियों को और भी द्रूत किया जा सके। उन्होंने इस सत्र के लिए कुछ पुरस्कारों की घोषणा की जो इस प्रकार हैः

**श्रेष्ठ प्रांत पुरस्कारः**

१. राष्ट्रीय कार्यक्रमों का पालन या उसमें सहभागिता।

२. राष्ट्रीय कार्यालय से सर्वोत्तम समन्वय।
३. राष्ट्रीय पदाधिकारियों के दौरे का आयोजन।
४. कार्यकारिणी या अखिल भारतीय समिति की बैठक का आयोजन।
५. कार्यकारिणी समिति एवं अखिल भारतीय समिति में उपस्थिति।
६. त्रैमासिक एवं वार्षिक रपट को समयानुसार भेजना।

**सर्वाधिक शाखाओं का गठनः**

१. प्रतिशत। २. संख्या।

सत्र का नारा **'आपणो समाज-एक समाज-श्रेष्ठ समाज'** को सार्थक करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास या प्रकल्प।

**प्रांत द्वारा अनुमोदित**

१. श्रेष्ठ शाखा।

**राष्ट्रीय समिति द्वारा शाखाओं को प्रदान किए जाने वाले पुरस्कार हेतु क्राइटेरिया भी उन्होंने घोषित किया।**

उपस्थित सदस्यों से उन्होंने निवेदन किया कि सम्मेलन की सोशल मीडिया के **फेसबुक** एवं **इंस्टाग्राम** पेज में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर लोगो से **लाइक** एवं **फॉलो** करवाना।

**कार्यसुची २ः गत बैठक का कार्यवृत पारित करना।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (२१ अप्रैल २०२४) कोलकाता का कार्यवृत प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**कार्यसूची ३ः महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर अपनी रपट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि जिन राज्यों में शाखाएं अभी तक नहीं खुली है वहाँ कम से कम पांच नहीं शाखाएं खोलें। महामंत्री की विस्तृत रपट उन्होंने सभा पटल पर पेश की एवं उसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदूओं का वाचन किया। साथ ही गत बैठक में आदेशित कार्यों पर लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी दी।

**कार्यसूची ४ः राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष द्वारा लेखा परीक्षक द्वारा जाँचे गए वित्तीय वर्ष २०२३-२४ के आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं संतुलन-पत्र का समिति की स्वीकृति हेतु प्रस्तुति।**

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता ने वित्तीय वर्ष २०२३-२४ का लेखा परीक्षक द्वारा जाँचे गए लेखा-जोखा एवं संतुलन पत्र प्रस्तुत किया। इस संबंध में सदस्यों की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। इस संबंध में पूर्वोत्तर के प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद लोहिया ने जीएसटी संबंधी कुछ सुझाव दिए, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासान भी दिया। तमिलनाडु के प्रांतीय महामंत्री श्री मुरारीलाल सोंथलिया के टीडीएस संबंधी प्रश्नों के जवाब राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने दिए। साथ ही राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने अप्रैल २०२४ से जून २०२४ तक का आय-व्यय का हिसाब सदस्यों की जानकारी के लिए प्रस्तुत किया।

**कार्यसूची ५ः संगठन-विस्तार तथा प्रांतो की सक्रियता पर प्रभारी उपाध्यक्षों की संक्षिप्त रपट।**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन सिकरीया ने बताया कि आगामी ८ सितंबर को सूरत में अखिल भारतीय समिति की बैठक होगी। जिसका आतिथ्य गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा होगा। उन्होंने गुजरात में नये शाखा खोलने के विषय में प्रांत की सक्रियता की जानकारी दी। सिक्किम के विषय में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से वहाँ पर अच्छा असर पड़ा है। लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वहाँ पर थोड़ी सी असुविधा हो रही है। वर्षा ऋतु के जाने के बाद गतिविधियाँ प्रारंभ होगी एवं नए शाखाएं खोलने का भी प्रयास होगा। पूर्वोत्तर के विषय में पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की गतिविधियों के विषय में उन्होंने बताया कि नए हॉस्टल बनाने का कार्यक्रम गति पकड़ रहा हैं। उन्होंने एक सुझाव दिया की सभी प्रांतो में समरसता समिति बनाई जाए जिससे कि स्थानीय समाज एवं समाज के अन्य सभी अंगो के साथ समन्वय हो सके।

डॉ. सुभाष अग्रवाल ने बताया कर्नाटक एवं तमिलनाडु प्रांतीय सम्मेलन की गतिविधियों में सुधार हो रहा है एवं जल्द ही इसके नतीजे सामने आएंगे। श्री राज कुमार केडिया की अनुपस्थिति में उनके द्वारा भेजे गए रिपोर्ट को राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पढ़कर सुनाया।

## कार्यसूची ६: प्रांतीय अध्यक्षों/महामंत्रियों द्वारा प्रांतीय सम्मेलनों की रपट।

पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कैलाश जी काबरा एवं महामंत्री श्री विनोद जी लोहिया ने पूर्वोत्तर प्रांत की गतिविधियों के संबंध में प्रकाश डालते हुए सदस्यता विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले १२ महीनो में ११ शाखाएं खुल चुकी है। **'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ'** कार्यक्रम का अभियान चलाया जा रहा है। पूर्वोत्तर प्रांत में दिन में विवाह करने पर जोर दिया जा रहा है ताकि विवाह में मद्यपान काउंटर का प्रयोग ना हो सके। उन्होंने बताया कि समिति की बैठक के बाद आमने-सामने कार्यक्रम उन्होंने प्रारंभ किया है ताकि सदस्यों की जिज्ञासाओं का जवाब दिया जा सके। उनके अनुसार कुरीतियों से लड़ाई सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है और इसके प्रति वे सजग हैं एवं आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष श्री निकेश गुप्ता ने सर्वप्रथम कर्नाटक प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन को सुव्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि एक प्याऊ का लोकार्पण किया गया है लागत ५० लाख की। अकोला एवं जालना में ८५ नए सदस्य बनाए गए हैं। उन्होंने यह संकल्प दोहराया कि भविष्य में जो भी राष्ट्रीय बैठकें होगी उन सभी में वह अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

तमिलनाडु से पधारे श्री अशोक केडिया एवं श्री मुरारीलाल सोंथलिया ने सुझाव दिया कि जूम मीटिंग अगर संभव हो तो उसमें सभी की सहभागिता हो सकती है। महिला सम्मेलन तमिलनाडु में सक्रिय हो रही है।

आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी अग्रवाल ने बताया कि अभी ४० दिनों में १४८ नए सदस्य बन चुके हैं उन्होंने बताया कि प्रांत में २ लाख का कोष बनाया गया है ताकि गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए मदद दी जा सके। उन्होंने आगे यह संकल्प दोहराया कि आंध्र प्रदेश में २६ जिले हैं उन सभी जिलों में शाखा बनाने की ओर वह कार्य कर रहे हैं।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री जुगल किशोर अग्रवाल ने कहा कि बिहार प्रांत में कार्यक्रम निरंतर हो रहे हैं। उन्होंने सहरसा में हुए **प्रतिभा सम्मान समारोह** की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना में एवं सहरसा में १२५ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बेतिया मुजफ्फरपुर भागलपुर में गर्मी के ३ महीने में लगातार पानी एवं सत्तू जन-साधारण को बांटा गया। अन्नपूर्णा सेवा, वृक्षरोपण, ब्लड बैंक के कार्यक्रम चल रहे हैं। अभी तक उन्होंने ६० शाखाओं का दौरा किया है एवं १५ जनवरी २०२५ तक सभी शाखाओं का दौरा संपन्न कर लेंगे। उन्होंने बताया की कुरीतियों पर ध्यान देकर हम इसके विरोध में अपने समाज में जागृति पैदा करने के लगातार प्रयास कर रहे हैं।

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री दिनेशजी अग्रवाल ने सर्वप्रथम कर्नाटक प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल को बधाई प्रेषित की। उन्होंने बताया कि उत्कल प्रांत में घर-घर सम्मेलन अभियान के तहत हमारा यह लक्ष्य है कि कम से कम ५० प्रतिशत मारवाड़ी घरों में से कम से कम एक सदस्य बनें। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक सम्मेलन का लक्ष्य है सहभागिता, समन्वय, सेवा, संगठन एवं समाज सुधार। आगे बताया कि पिछले होली के अवसर पर २५ शाखाओं द्वारा मिलन समारोह आयोजित किए गए। ६३ सदस्यों ने अयोध्या का दौरा किया। केसिंगा में सम्मेलन भवन बनाने के लिए जगह दान में मिल चुकी है। भवन निमार्ण का काम शुरू होगा। संबलपुर में महिला छात्रावास प्रादेशिक सम्मेलन का एक लक्ष्य है। अभी तक २६३ सदस्य नये बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि सत्र में ४००० नए सदस्य बनाने का उन्होंने लक्ष्य लिया है। ४ अस्पतालों के साथ अनुबंध हो चुका है जिसके तहत सभी सदस्यों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने रथ यात्रा में पूरी में सेवा, महेश नवमी, परशुराम जयंती अंगुल में रक्तदान का विवरण दिया। शिक्षाकोष के तहत १०६ बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर जालान ने बताया कि जल्द से जल्द तीन नई शाखाएं प्रदेश में खुलने वाली है एवं तीन महीने में १००० नए सदस्य बनाने का लक्ष्य उन्होंने लिया है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के दौरे का उन्होंने स्वागत किया एवं बताया कि उनके दौरे से सम्मेलन के सदस्यों में जागृति आयी है। सिलीगुड़ी में ४०० सदस्यों का लक्ष्य लिया गया है।

## कार्यसूची ७: राष्ट्रीय, प्रांतीय स्तर पर किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा एवं दिशा-निर्देश।

बेंगलुरू की महिला परिधि शाखा की अध्यक्ष श्रीमती माया अग्रवाल ने अपने शाखा द्वारा किए गए कार्यक्रमों का परिचय दिया।

भूतपूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रांत के पूर्व अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका ने बताया कि गुडगांव और नोएडा में नई शाखा खोलने का प्रयास जारी है एवं आशा है कि इन दोंनो स्थानों पर नई शाखाएं जल्द से जल्द खुल जाएंगे। संस्कार-संस्कृति के विषय में अपनी जानकारी साझा की।

## कार्यसूची ८: प्रांतों के लंबित चुनाव पर चर्चा

राष्ट्रीय महामंत्री ने लंबित चुनाव के बारे में सभा को जानकारी देते हुए बताया कि तेलंगाना का चुनाव अभी भी लंबित हैं। इस संबंध में वे प्रांतीय अध्यक्ष श्री रमेश चंद जी बंग से निरंतर संपर्क में है एवं आशा किया जाता है कि जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करके नए अध्यक्ष के चुनाव को संपन्न करने की दिशा में कार्यवाई करेंगे।

**कार्यसुची ९ः आगामी वार्षिक साधारण सभा के आयोजन के विषय में विचार-विमर्श।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बताया कि २०२३-२४ की वार्षिक साधारण सभा ३० सितंबर २०२४ के मध्य संपन्न होना आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने सभी सदस्यों से तिथि तय करने का अनुरोध किया। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद में सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सितंबर २०२४ के अंदर नियमानुसार तिथि तय करने का अधिकार दिया।

**कार्यसूची १० पूर्व माननीय राष्ट्रीय अध्यक्षों का मार्गदर्शन।**

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने वर्तमान सत्र में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों के विषय में संतोष व्यक्त किया। गतिविधियों को और भी अच्छा करने के लिए भी आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संविधान संशोधन के विषय में उपस्थित सभी प्रांतो के प्रतिनिधियों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त कि की आगामी अखिल भारतीय समिति की बैठक में संविधान संशोधन का कार्य संपन्न हो जाएगा। श्री गाड़ोदिया ने बताया के गत सत्र में सम्मेलन का नारा था संस्कार के नाव पर - समय की धार पर। हमें समय के साथ चलना होगा किंतु अपने संस्कारों को मानते हुए।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने वर्तमान सत्र में सम्मेलन की गतिविधियों पर संतोष प्रकट किया एवं संविधान की विष्य में अग्रगति पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्षों को अपना वक्तव्य सीमित रखना चाहिए। जिन प्रांत के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे सिर्फ उन्हें प्रांतो का विवरण दे तो ज्यादा अच्छा रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी प्रांतीय संगठन की सभी जिलों में उपस्थिति होनी चाहिए। सभी प्रांतो का अपना संविधान होना चाहिए एवं सभा संचालन के लिए नियम बनाए जाने चाहिए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठकें दो भागों में आयोजित की जाए ताकि सभी के द्वार सभी बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हो सके। उन्होंने सम्मेलन भवन निर्माण की भी जानकारी दी। अंत में सम्मेलन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री